(b) if so, the text of the Memorandum; and

(c) the reaction of the Government thereon?

THE MINISTER OF STEEL AND MINES (SHRI BIJU PATNAIK): (a) and (b). Some representations/resolutions have been received from different Unions/Associations of Geological Survey of India (some of which are not recognised). The main demands contained in these Memoranda are as under:

(i) According recognition or full recognition to Unions/Associations not recognised or partially recognised.

(ii) Regularisation and absorption of contingent workers in Geological Survey of India.

(iii) Early implementation/deferment of the decentralisation scheme in Geological Survey of India (suggested by different bodies).

(iv) Improvement in service conditions of Class III & IV cadres.

(v) Sanction of additional posts in Class III & IV cadres and filling of vacant posts.

(vi) Provision of housing facilities for lower staff.

(vii) Reinstatement of certain employees.

(c) The above demands and suggestions are under consideration of the Government. A high powered Committee has been appointed to examine the structure and performance of Geological Survey of India. The Committee is currently going into the various aspects of Class III and Class IV cadres of Geological Survey of India also. Further action will be considered by the Government on receipt of the Committee's report, which is expected by the end of the year.

**बिहार शरीफ में स्वचालित टेलीफोन व्यवस्था करना**

636. **श्री वीरेन्द्र प्रसाद :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार में नालंदा जिले के मुख्यालय बिहार शरीफ के टेलीफोन विभाग के पास अपनी इमारत नहीं है; और क्या अधिकारियों की लापरवाही के कारण इमारत के निर्माण के लिए नियत धन व्यपगत हो गया है ;

(ख) क्या इमारत न होने के कारण बिहार शरीफ में स्वचालित टेलीफोन व्यवस्था नहीं की जा सकी; और

(ग) क्या बिहार शरीफ से, जो नालंदा जिले का मुख्यालय है हिल्सा उपमंडल के मुख्यालय हिल्सा के साथ कोई सीधा टेलीफोन सम्पर्क नहीं है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री ( श्री नरहरि प्रसाद सुखदेव सई ) :** (क) इस समय बिहार शरीफ में टेलीफोन एक्सचेंज के लिए विभाग की कोई जमीन या इमारत नहीं है । विभागीय इमारत बनवाने के लिए अभी तक निधि भी निर्धारित नहीं की गई है ।

(ख) आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर की कमी के कारण वहां पहले आटोमेटिक एक्सचेंज स्थापित करने की योजना पर कार्रवाई करना संभव नहीं हो सका । किन्तु, अब वहां के लिए आटोमेटिक एक्सचेंज उपस्कर अलाट कर दिया गया है । आशा है कि इस एक्सचेंज की स्थापना वर्ष 1980 तक हो जाएगी ।

(ग) हिल्सा और बिहार शरीफ के बीच ट्रंक यातायात बहुत कम है । इसलिए इन स्थानों के बीच अभी तक सीधी टेलीफोन लाइन की व्यवस्था नहीं की गई है ।